# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

SJU Social Justice Union


**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 || Postal Registration No-055/Raigarh DN CG || रायगढ़, शुक्रवार 23 अप्रैल 2021 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-03, अंक- 202

## महत्वपूर्ण एवं खास

### रेलवे क्रॉसिंग पर ट्रेन की हुई कई वाहनों से भिड़ंत, पांच की मौत

**शाहजहांपुर (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश में गुरुवार सुबह शाहजहांपुर के कटरा थाना क्षेत्र में स्थित हुलासनगरा रेलवे क्रॉसिंग पर फाटक खुला होने के चलते एक ट्रेन एक ट्रक से टकरा गई जिसमें वहां से गुजर रहे एक बाइक सवार पति-पत्नी और बेटी समेत 5 लोगों की मौत हो गई। गौरतलब है कि सुबह 5.10 बजे रेलवे क्रॉसिंग खुली थी, तभी चंडीगढ़ लखनऊ एक्सप्रेस आ गई। ट्रेन की टक्कर से कोल्ड ड्रिंक भरे ट्रक के परखच्चे उड़ गए, तो बाइक सवार पति, पत्नी और बेटी समेत 5 लोगों की मौत हो गई है। वहीं ट्रक चालक की हालत गंभीर बनी हुई है। जिसे बरेली के अस्पताल में इलाज के लिए भेजा गया है। हादसा होने के बाद अप व डाउन दोनों लाइन का रेल यातायात बाधित हो गया है। हादसे की सूचना पर रोजा रेलवे स्टेशन से एआरटी मौके पर पहुंच गई है। इसके अलावा डीएम इंद्र विक्रम सिंह और एसपी एस आनंद भी मौके पर हैं।

### प्रधानमंत्री ने उच्च स्तरीय बैठकों के चलते प. बंगाल दौरा रद्द किया

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री वर्तमान कोविड-19 हालात की समीक्षा के लिए शुक्रवार को उच्च स्तरीय बैठकों की अध्यक्षता करेंगें। उन्होंने ट्वीट किया कि कोविड-19 के मौजूदा हालात की समीक्षा के लिए उच्च स्तरीय बैठकों की अध्यक्षता करूंगा। इस कारण, मैं पश्चिम बंगाल नहीं जाऊंगा।

### बच्चों के कोरोना से संक्रमित होने का आंकड़ा दें राज्यः आयोग

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** देश के कई बाल संरक्षण गृहों में बच्चों के कोरोना वायरस की चपेट में आने की खबरों के बीच राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) ने सभी राज्यों से कहा कि वे अपने यहां के इन गृहों में एक महीने के दौरान कोरोना से संक्रमित होने वाले बच्चों का आंकड़ा दें। प्रदेशों के प्रमुख सचिवों को लिखे पत्र में एनसीपीसीआर के अध्यक्ष प्रियंक कानूनगो ने कहा कि कोरोना महामारी में बाल गृहों में रहने वाले बच्चों का संरक्षण मुख्य चिंता का विषय रहा है। आयोग ने कहा कि खबरों के मुताबिक, बाल गृहों में रहने वाले बच्चे कोरोना वायरस संक्रमण की चपेट में आ रहे हैं। बाल आयोग ने राज्यों से कहा कि वे पिछले एक महीने के दौरान अपने यहां के बाल गृहों में रहने वाले बच्चों के कोरोना से संक्रमित होने के बारे में आंकड़ा मुहैया कराएं।

### सीताराम येचुरी के पुत्र की कोरोना संक्रमण से मौत

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के वरिष्ठ नेता सीताराम येचुरी के ज्येष्ठ पुत्र आशीष की गुरुवार को कोरोना संक्रमण से मौत हो गयी। येचुरी ने आज सुबह ट्विटर पर यह जानकारी दी। उन्होंने अपने ट्वीट में कहा, बहुत दुख के साथ मुझे सूचित करना पड़ रहा है कि मैंने अपने बड़े बेटे आशीष येचुरी को आज सुबह कोविड-19 में खो दिया। मैं उन सभी डॉक्टर, नर्स, स्वास्थ्य कार्यकर्ता, स्वच्छता कार्यकर्ता और हमारे साथ खड़े लोगों का आभार व्यक्त करना चाहता हूं जिन्होंने मेरे बेटे का उपचार किया और हमें उम्मीद बंधायी। कोविड-19 से संक्रमित 35 वर्षीय आशीष येचुरी गुड़गांव के मेदांता अस्पताल में दो सप्ताह से भर्ती थे और उनके स्वास्थ्य में सुधार भी हो रहा था, लेकिन आज सुबह 05.30 बजे अचानक उनकी मौत हो गयी।

# पीएम मोदी ने राज्यों को ऑक्सीजन की सप्लाई निर्बाध और सुचारू रूप से सुनिश्चित करने दिया निर्देश

**नईदिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश भर में ऑक्सीजन की आपूर्ति और इसकी उपलब्धता को बढ़ाने के तरीकों और उपायों की समीक्षा करने के लिए एक उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। अधिकारियों ने उन्हें पिछले कुछ हफ्तों में ऑक्सीजन की आपूर्ति में सुधार के लिए किए गए प्रयासों की जानकारी दी।



उन्होंने अनेक दिशाओं में तेजी से काम करने की आवश्यकता बताई। इनमें ऑक्सीजन का उत्पादन बढ़ाना, वितरण की गति बढ़ाना और स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए ऑक्सीजन की सहायता प्रदान करने के लिए अभिनव तरीकों का उपयोग करना शामिल है।

प्रधानमंत्री को जानकारी दी गई कि राज्यों की ऑक्सीजन की मांग की पहचान करने और उसके अनुसार पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए उनके साथ मिलकर विस्तृत कार्य किया जा रहा है। प्रधानमंत्री को जानकारी दी गई कि किस प्रकार राज्यों को ऑक्सीजन की आपूर्ति लगातार बढ़ाई जा रही है। 20 राज्यों की प्रतिदिन 6,785 मीट्रिक टन लिक्विड मेडिकल ऑक्सीजन की मांग के बजाय, भारत सरकार ने 21 अप्रैल से इन राज्यों को प्रतिदिन 6,822 मीट्रिक टन ऑक्सीजन आवंटित की है।

यह चर्चा की गई कि पिछले कुछ दिनों में, निजी और सार्वजनिक इस्पात संयंत्रों, उद्योगों, ऑक्सीजन निर्माताओं के योगदान के साथ-साथ गैर-आवश्यक उद्योगों के लिए ऑक्सीजन की आपूर्ति पर रोक लगाकर लिक्वड मेडिकल ऑक्सीजन की उपलब्धता में प्रतिदिन लगभग 3,300 मीट्रिक टन की वृद्धि हुई है।

अधिकारियों ने प्रधानमंत्री को सूचित किया कि वे जल्द से जल्द स्वीकृत पीएसए ऑक्सीजन संयंत्रों को चालू कराने के लिए राज्यों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं।

उन्होंने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि विभिन्न राज्यों में निर्बाध तरीके से ऑक्सीजन की आपूर्ति हो। उन्होंने कहा कि किसी प्रकार की बाधा पहुंचाने के मामले में स्थानीय प्रशासन की जिम्मेदारी तय की जानी चाहिए। उन्होंने मंत्रालयों से ऑक्सीजन के उत्पादन और आपूर्ति को बढ़ाने के लिए विभिन्न नवीन तरीकों का पता लगाने के लिए भी कहा।

नाइट्रोजन और आर्गन टैंकरों के रूपांतरण, टैंकरों के आयात और एयरलिफ्टिंग के साथ-साथ उनके निर्माण के माध्यम से साइरोजेनिक टैंकरों की तेजी से उपलब्धता बढ़ाने के लिए विभिन्न उपाय किए जा रहे हैं।

पीएम ने जोर देकर कहा कि राज्यों को तेजी से ऑक्सीजन पहुंचाई जाए। इस बारे में भी चर्चा की गई कि टैंकरों को तेजी से और बिना रुके लंबी दूरी तक पहुंचाने के लिए रेलवे का उपयोग किया जा रहा है। पहला रैक 105 मीट्रिक टन एलएमओ पहुंचाने के लिए मुंबई से विशाखापत्तनम पहुंच गया है। इसी तरह, ऑक्सीजन की आपूर्ति में एक तरफ़ा यात्रा के समय को कम करने के लिए विमान के जरिये ऑक्सीजन आपूर्तिकर्ताओं तक खाली ऑक्सीजन टैंकर पहुंचाए जा रहे हैं।

चिकित्सा समुदाय के प्रतिनिधियों ने ऑक्सीजन के विवेकपूर्ण उपयोग की आवश्यकता के बारे में भी बताया और कैसे कुछ राज्यों में एक ऑडिट ने रोगियों की स्थिति को प्रभावित किए बिना ऑक्सीजन की मांग को कम कर दिया।

प्रधानमंत्री ने इस बात पर भी जोर दिया कि राज्यों को जमाखोरी के खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए।

बैठक में कैबिनेट सचिव, प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव, गृह सचिव, स्वास्थ्य सचिव, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय, सड़क परिवहन मंत्रालय,फार्मास्युटिकल्स और नीति आयोग के अधिकारियों ने भाग लिया।

## प्रवासी भारतीयों के लिए आयोग गठित करने पर फैसला करें केंद्र : अदालत

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने बृहस्पतिवार को केंद्र से कहा कि वह प्रवासी भारतीयों (एनआरआई) के कल्याण के लिए आयोग गठित करने संबंधी प्रतिवेदन पर जितना जल्दी संभव हो और व्यावहारिक बनाने वाला फैसला करे।

मुख्य न्यायाधीश डी एन पटेल और न्यायमूर्ति जसमीत सिंह की पीठ ने केंद्र सरकार से उसे आठ दिसंबर, 2020 को एक एनआरआई याचिकाकर्ता द्वारा भेजे गए प्रतिवेदन पर कानून, नियम और मामले के तथ्यों पर लागू हो सकने वाली नीति के अनुरूप जल्द से जल्द तथा व्यावहारिक बना सकने वाले फैसला करे। इस अवलोकन के साथ अदालत ने याचिका का निस्तारण किया जिसमें प्रवासी भारतीयों (एनआरआई) के लिए राष्ट्रीय स्तर पर एक आयोग गठित करने का अनुरोध किया गया था। ओमान में 2007 से काम कर रहे, एनआरआई अनीसुर रहमान ने याचिका में दावा किया था कि आयोग के गठन के लिए केंद्र सरकार को दिए गए उसके प्रतिवेदन पर अब तक कोई फैसला नहीं लिया गया है। अधिवक्ता जोस अब्राहम के जरिए दायर याचिका में कहा गया कि राष्ट्रीय स्तर के आयोग से एनआरआई संबंधित सभी कल्याण योजनाओं को व्यवस्थित करने में मदद करेगा और प्रवासियों के हितों को अधिक प्रभावी तरीके से सुरक्षित रखने में मदद करेगा।

## राज्यों को ऑक्सीजन सप्लाई में तेजी लाई जाएः गृह मंत्रालय

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** देश में कोरोना के बढ़ते मामलों के बीच अस्पतालों पर दबाव बढ़ गया है। कई राज्यों में ऑक्सीजन की कमी हो गई है। हालात को देखते हुए गृह मंत्रालय ने राज्यों को ऑक्सीजन सप्लाई करने का आदेश दिया है।

देशभर में कोरोना महामारी की दूसरी लहर खौफनाक होती जा रही है। बीते 24 घंटे में तीन लाख से ज्यादा मामले सामने आए हैं। मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए अस्पतालों में स्वास्थ्य सुविधाएं भी गड़बड़ाने लगी है। कई राज्यों ने केंद्र से ऑक्सीजन की मांग की थी, इसी को देखते हुए पिछले दिनों इम्पावर्ड ग्रुप 2 ने ऑक्सीजन की सबसे ज्यादा मांग वाले 12 राज्यों की मैपिंग की थी। जिसके बाद गुरुवार को गृह मंत्रालय की ओर से ऑक्सीजन सप्लाई करने का आदेश दिया गया है।

इसके साथ ही केंद्रीय गृह मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि राज्यों के बीच चिकित्सकीय ऑक्सीजन की आवाजाही पर कोई पाबंदी नहीं लगाई जानी चाहिए। गृह मंत्रालय ने राज्यों से कहा कि वे परिवहन निगमों को ऑक्सीजन परिवहन में शामिल वाहनों की मुक्त अंतरराज्यीय आवाजाही की इजाजत का आदेश दें। बयान के अनुसार मंत्रालय ने कहा कि ऑक्सीजन उत्पादकों पर कोई पाबंदी नहीं है, आपूर्तिकर्ता जिस राज्य में स्थित हैं सिर्फ वहीं के अस्पतालों को जीवन रक्षक गैस की आपूर्ति करेंगे। अधिकारियों ने कहा कि केंद्र सरकार ऑक्सीजन की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने का हर प्रयास कर रही है, ताकि राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली समेत किसी भी राज्य के अस्पतालों में मेडिकल ऑक्सीजन की कमी न हो। मंत्रालय ने कहा है कि ऑक्सीजन परिवहन में शामिल वाहनों को कोई प्राधिकार जब्त न करे। अगर ऑक्सीजन आपूर्ति में बाधा पहुंचती है तो संबंधित जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक जिम्मेदार होंगे।

मंत्रालय ने कहा कि इम्पावर्ड ग्रुप ने औद्योगिक इस्तेमाल के लिए ऑक्सीजन आपूर्ति को प्रतिबंधित रखने की सिफारिश की है, जिससे कि अस्पतालों में पर्याप्त ऑक्सीजन पहुंचाई जा सके। ग्रुप ने 22 अप्रैल से नौ विशिष्ट उद्योगों को छोड़कर बाकी सभी उद्योगों को ऑक्सीजन आपूर्ति प्रतिबंधित करने की सिफारिश की है।

## भारत में एक दिन के सर्वाधिक 3.14 लाख से ज्यादा मरीज, देश में पिछले 24 घंटे में 2104 की मौत

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** देश में गुरुवार को कोविड-19 के अब तक के सर्वाधिक 3.14 लाख से ज्यादा मामले आने के साथ ही संक्रमितों की संख्या बढ़कर 1,59,30,965 हो गयी। दुनिया के किसी भी देश में एक दिन में कोरोना वायरस संक्रमण का यह सर्वाधिक आंकड़ा है।



केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के गुरुवार को अद्यतन किए गए आंकड़ों के मुताबिक, पिछले 24 घंटे में संक्रमण के 3,14,835 मामले आए जबकि 2104 और मरीजों की मौत हो जाने से अब तक इस महामारी की वजह से जान गंवाने वालों की संख्या बढ़कर 1,84,657 हो गई है। लगातार 43वें दिन उपचाराधीन मरीजों की संख्या भी बढ़ी है और यह 22,91,428 हो गयी है जो कि संक्रमण के कुल मामलों का 14.38 प्रतिशत है। देश में कोविड-19 से ठीक होने की दर 84.46 प्रतिशत हो गयी है।

संक्रमण से ठीक हुए लोगों की संख्या 1,34,54,880 हो गयी है। मृत्यु दर 1.16 प्रतिशत हो गयी है। भारत में कोविड-19 के मामले पिछले साल सात अगस्त को 20 लाख की संख्या पार कर गए थे। इसके बाद संक्रमण के मामले 23 अगस्त को 30 लाख, पांच सितंबर को 40 लाख और 16 सितंबर को 50 लाख के पार चले गए थे। वैश्विक महामारी के मामले 28 सितंबर को 60 लाख, 11 अक्टूबर को 70 लाख, 29 अक्टूबर को 80 लाख, 20 नवंबर को 90 लाख और 19 दिसंबर को एक करोड़ से अधिक हो गए थे। इसके बाद 19 अप्रैल को संक्रमितों की संख्या 1.50 करोड़ से ज्यादा हो गयी। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के मुताबिक, 21 अप्रैल तक 27,27,05,103 नमूनों की जांच की जा चुकी है जिनमें से 16,51,711 नमूनों की जांच बुधवार को की गई।

पिछले 24 घंटे में 2104 और मरीजों की मौत हो गयी। इनमें से 568 मरीज महाराष्ट्र के, 249 मरीज दिल्ली के, 193 छत्तीसगढ़ के, 187 उत्तर प्रदेश के, 125 गुजरात के और 116 मरीज कर्नाटक के थे। देश में अब तक 1,84,657 लोगों की मौत हुई है। इनमें से महाराष्ट्र में 61,911 मरीजों की, कर्नाटक में 13,762 मरीजों की, तमिलनाडु में 13,258, दिल्ली में 12,887, पश्चिम बंगाल में 10,710, उत्तर प्रदेश में 10,346, पंजाब में 8,114 और आंध्र प्रदेश में 7510 मरीजों की मौत हो गयी।

## ऑक्सीजन संकट पर पीएम मोदी ने उत्पादन-आपूर्ति बढ़ाने कहा

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** कोरोना वायरस संकट के बीच ऑक्सीजन की किल्लत को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। बैठक के दौरान प्रधानमंत्री ने कहा कि इस संकट से पार पाने के लिए हम सभी को बहुत तेजी के साथ काम करने की जरूरत है, कंपनियां अस्पतालों को ऑक्सीजन देने में देरी न करें।

प्रधानमंत्री मोदी ने ऑक्सीजन आपूर्ति में रुकावट के लिए जिम्मेदारी तय करने को कहा है। उन्होंने ऑक्सीजन का उत्पादन और आपूर्ति बढ़ाने के तरीके तलाशने को कहा है। ऑक्सीजन आपूर्ति के लिए क्रायोजेनिक टैंकरों की उपलब्धता बढ़ाने के उपाय, उनका आयात, एयरलिफ्टिंग और विनिर्माण पर ध्यान देने को कहा है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने बताया कि बैठक में प्रधानमंत्री को सूचित किया गया कि अधिकारी राज्यों के संपर्क में हैं और ऑक्सीजन की मांग पर ध्यान दे रहे हैं। 20 राज्यों से लिक्विड ऑक्सीजन की वर्तमान मांग 6785 मीट्रिक टन प्रतिदिन हो रही है। सरकार ने 21 अप्रैल से इन राज्यों को 6822 मीट्रिक टन प्रतिदिन आवंटित की है।

## सुप्रीम कोर्ट से चुनाव और रैलियों पर पाबंदी लगाने की गुहार

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** सुप्रीम कोर्ट से चुनावों और रैलियों पर पूरी तरह पाबंदी लगाने की गुहार लगाई गई है। एक जनहित याचिका में कोरोना के बढ़ते संक्रमण का हवाला देते हुए शीर्ष अदालत से यह पाबंदी लगाने की गुहार लगाई गई है।

एक वकील की तरफ से दाखिल याचिका में कहा गया है कि चुनावी सभाओं में नेताओं और उनके समर्थकों द्वारा गृह मंत्रालय व स्वास्थ्य विभाग के कोरोना संबंधी दिशानिर्देशों का पालन नहीं किया जा रहा है। राजनीतिक दलों के नेताओं की बड़ी-बड़ी चुनावी सभाओं में हजारों की भीड़ जुट रही है, लेकिन वहां सामाजिक दूरी का पालन नहीं हो रहा। सभाओं में आए अधिकतर लोग मास्क तक नहीं लगाते हैं। याचिकाकर्ता का कहना है चुनावी सभाओं में दिशानिर्देशों का खुलेआम उल्लंघन होने के बावजूद केंद्र और राज्यों की सरकारें कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। वास्तव में कोरोना संक्रमण के प्रसार में ऐसे नेता भी जिम्मेदार हैं। लिहाजा चुनाव व सभाओं पर पाबंदी लगाई जानी चाहिए।

सुप्रीम कोर्ट में आज से आवश्यक मामलों पर ही सुनवाई

कोरोना के बढ़ते मामलों के मद्देनजर सुप्रीम कोर्ट 22 अप्रैल से केवल आवश्यक और तत्काल महत्व के मामलों की सुनवाई करेगा। शीर्ष अदालत के भी कुछ जजों सहित कई अधिकारी व कर्मचारी कोरोना संक्रमित होने के बाद यह निर्णय लिया गया है। सुप्रीम कोर्ट के रजिस्ट्रार की तरफ से जारी सर्कुलर में कहा गया है कि 22 अप्रैल से केवल अति आवश्यक मामलों को ही सूचीबद्ध किया जाएगा। सर्कुलर में यह भी बताया गया है कि किस तरह के मामलों को अति आवश्यक माना जाएगा। साथ ही 22 अप्रैल के लिए पहले से सूचीबद्ध मामलों को अब आगे बढ़ा दिया गया है।

## देश में अब तक 13 करोड़ 23 लाख से अधिक लोगों को कोविड-19 का टीका लगा

**नईदिल्ली।** विश्व में सबसे बड़े टीकाकरण अभियान के तहत देश में कोविड-19 टीके की दी जा चुकी खुराक की कुल संख्या 13.23 करोड़ से अधिक हो गई है। रिपोर्ट के अनुसार 19,28,118 सत्रों के जरिए कोविड वैक्सीन की कुल 13,23,30,644खुराक दी जा चुकी हैं।

टीकाकरण लाभार्थियों की कुल संख्या में वे 92,19,544 एचसीडब्ल्यू शामिल हैं, जिन्होंने वैक्सीन की पहली खुराक ली है और 58,52,071 ऐसे एचसीडब्ल्यू भी शामिल हैं, जिन्होंने वैक्सीन की दूसरी खुराक ले ली है। इसके अलावा पहली खुराक लेने वाले 1,16,32,050एफएलडब्ल्यू, दूसरी खुराक लेने वाले 59,36,530 एफएलडब्ल्यू, इसके साथ-साथ 60 साल से अधिक आयु के पहली खुराक लेने वाले 4,78,67,118और दूसरी खुराक लेने वाले 57,60,331 लाभार्थियों के साथ साथ 4,44,28,884पहली खुराक लेने वाले और 16,34,116 दूसरी खुराक लेने वाले 45 से 60 वर्ष की आयु के लाभार्थी भी शामिल हैं। देश में अभी तक दी गई कुल खुराक में आठ राज्यों का 59.25प्रतिशत योगदान है। पिछले 24 घंटों के दौरान टीके की 22 लाख से अधिक खुराक दी गई। टीकाकरण अभियान के 96वें दिन (21 अप्रैल, 2021) तक कोविड-19 के22,11,334टीके की खुराक दी गई। इसमें से 15,01,704लाभार्थियों को 35,499 सत्रों के जरिए पहली खुराक तथा 7,09,630 लाभार्थियों को टीके की दूसरी खुराक दी गई।

वहीं देश में पिछले 24 घंटों में कोविड-19 संक्रमण के 3,14,835 नयेमामले दर्ज किए गए। महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, कर्नाटक, केरल, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, बिहार, गुजरात और राजस्थान सहित 10 राज्यों में नये संक्रमण के 75.66त्न मामले दर्ज किए जा रहे हैं।

महाराष्ट्र में सबसे अधिक 67,468 दैनिक नए मामले दर्ज किए गए हैं। इसके बाद 33,106 के साथ उत्तर प्रदेश दूसरे स्थान पर है, जबकि दिल्ली में 24,638 नए मामले सामने आए हैं। 12 राज्यों में दैनिक नए मामलों में बढ़ोतरी का रूझान जारी है। भारत में कुल सक्रिय मामलों की संख्या बढ़कर 22,91,428 हो गई है। यह संख्या देश के कुल संक्रमित मामलों का14.38 प्रतिशत है। पिछले 24 घंटों के दौरान कुल सक्रिय मामलों की संख्या में 1,33,890 मामलों की बढ़ोतरी हुई है।भारत के कुल सक्रिय मामलों में पांच राज्यों- महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, कर्नाटक और केरल का कुल मिलाकर 59.99 प्रतिशत योगदान है। भारत में अब तक कुल मिलाकर 1,34,54,880 कोविड मरीज ठीक हुए है। राष्ट्रीय रिकवरी दर 84.46 प्रतिशत है। पिछले 24 घंटों के दौरान 1,78,841 कोविड मरीज ठीक हुए है। कोविड से जुड़ी राष्ट्रीय मृत्यु दर गिर रही है और इस समय 1.16 प्रतिशत है। पिछले 24 घंटों के दौरान 2,104कोविड मरीजों की मौत हुई है।